Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Request for discontinuing of Polavaram Project in Andhra Pradesh

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं ओडिशा के नबरंगपुर संसदीय क्षेत्र से पहली बार सांसद के रूप में चुनकर आया हूँ ।

आंध्र प्रदेश सरकार पोलावरम प्रोजेक्ट बना रही है । इस पोलावरम प्रोजेक्ट से मेरा संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर और मलकानगिरी जिले के बहुत-से क्षेत्र अफेक्टेड हो रहे हैं । वहाँ आदिवासी इलाके हैं, जो ज्यादा अफेक्टेड होंगे ।

इसलिए सरकार से मेरी दरख्वास्त है कि उस प्रोजेक्ट को बंद किया जाए । उस एरिया में फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल रही है । मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइब्ल अफेयर्स ने जब क्लीयरेंस दिया, तो उस समय कभी पब्लिक हियरिंग नहीं हुई । इसलिए मेरी दरख्वास्त है कि इस प्रोजेक्ट को बंद किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री भर्तृहरि महताब और श्री महेश साहू को श्री रमेश चन्द्र माझी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।